मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ 6–30/2013/एक(1),   भोपाल, दि0   अक्टूबर ,2013

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
शासन के समस्त विभाग,
मंत्रालय, भोपाल ।

विषय :– विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले सीधी भर्ती के पदों की पूर्ति हेतु विभागों व्दारा आयोग को भेजे जाने वाले मांग–पत्र प्रेषण के सम्बंध में विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के सम्बंध में ।

––00––

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को शासन के विभिन्न विभागों व्दारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हेतु प्रेषित प्रस्ताव तथा आयोग के माध्यम से सीधी भरती के पदों की पूर्ति हेतु मांग–पत्र प्रेषित किये जाते हैं । विभागों व्दारा आयोग को भेजे गये उक्त प्रस्तावों में बहुत सारी कमियां पायी जाती हैं, जिनका आयोग व्दारा पत्र व्यवहार के माध्यम से निराकरण किये जाने में काफी समय व्यर्थ हो जाता है, जिससे विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित करने एवं रिक्त पदों का विज्ञापन प्रकाशित करने में अनावश्यक विलंब की स्थिति निर्मित हो जाती है ।

2– उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये शासन व्दारा यह निर्णय लिया गया है कि विभागों व्दारा विभागीय पदोन्नति समिति के प्रस्ताव एवं रिक्त पदों की भरती हेतु आयोग को प्रेषित किये जाने वाले मांग–पत्रों के संदर्भ में उप सचिव स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जावे ।

3– विभागों व्दारा नियुक्त नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह पदोन्नति समिति के प्रस्ताव तथा रिक्त पदो के मांग पत्रों के संदर्भ में पूरी जानकारी रखे तथा नोडल अधिकारी से यह अपेक्षित होगा कि वह उक्त संदर्भ में आयोग व्दारा वांछित जानकारी आयोग को तत्काल उपलब्ध करायें ।

––2––

4— अतः अनुरोध है कि इस सम्बंध में आप अपने विभाग के उप सचिव स्तर के अधिकारी को शीघ्र नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये उनका नाम, पदनाम, मोबाईल न0 तथा कार्यालयीन दूरभाष की जानकारी आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

(के0 सुरेश)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ0 कमांक एफ 6—30/2013/एक(1), भोपाल, दि0 11 अक्टूबर ,2013

प्रतिलिपि—

1— सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर आयोग के पत्र दिनांक 17—09—2013 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।

2— अवर सचिव (स्थापना) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अग्रेषित ।

उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग